हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 1 जुलाई 2026



4



रामगढ़ महोत्सव बनेगा आने वाली पीढ़ियों को गौरवशाली विरासत से जोड़ने का माध्यम : राजेश





(मनेन्द्रगढ़) प्रवेश प्रारंभ (चिरमिरी)

प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.

न्यू महाराणा I.T.I.

ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक

योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)

स्थान सीमित

नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।

पता: प्राचार्य: झांझरिया गोदाम, बदन सिंह मोहल्ला मनेन्द्रगढ़ मो. 7415139436, 9203914561, 9425556340

पता: प्राचार्य: जगन्नाथ मंदिर के पास धरमनगरी (पोड़ी) चिरमिरी मो. 7489674543, 7415139436, 9203914561


## खबर संक्षेप

### जय सतनाम जन कल्याण परिषद की बैठक 16 को

**चरचा कॉलरी।** छत्तीसगढ़ जय सतनाम जन कल्याण परिषद (प्रधान कार्यालय), सतनाम धाम सुभाष नगर चरचा द्वारा संचालित स्व सहायता समूह योजना को लेकर 16 जुलाई की शाम 6 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। परिषद ने इस संबंध में बैठक सूचना जारी कर सभी आजीवन एवं सामान्य सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित होने की अपील की है। जारी सूचना के अनुसार बैठक का आयोजन सतनाम धाम, सुभाष नगर, चरचा (जिला कोरिया) में होगा। बैठक का प्रमुख उद्देश्य परिषद द्वारा संचालित स्व सहायता समूह योजना का लेखा-जोखा सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत करना तथा सर्वसम्मति से समूह के नए अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चयन करना है। परिषद ने सभी सदस्यों से बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल होकर सामाजिक दायित्व का निर्वहन करने का आग्रह किया है।

### लंबित प्रकरणों पर कलेक्टर सख्त

**मनेंद्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता सोम, अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार, जिले के सभी एसडीएम, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि संभावित सूखे की स्थिति को देखते हुए सभी विभाग अभी से समन्वित कार्ययोजना तैयार करें और निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में तालाब, नहर, एनीकट एवं स्टॉपडेम का विस्तृत सर्वे कराया जाए तथा जिले के 20 प्रमुख जलाशयों की वर्तमान स्थिति का आकलन कर विस्तृत रिपोर्ट एवं कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जल जीवन मिशन की समीक्षा में सभी पुराने हैंडपंपों के समीप वॉटर रिचार्ज संरचनाएं विकसित करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत का सर्वे कर किसानों को रागी, उड़द, अरहर एवं तिलहन फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

### नैनो उर्वरकों पर दिया गया विशेष प्रशिक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** किसानों को आत्मनिर्भर, समृद्ध और आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़ने के उद्देश्य से जिले में कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत व्यापक जागरूकता अभियान संचालित किया गया। विकासखंड मनेन्द्रगढ़, खड़गवां एवं भरतपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्थित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर वैज्ञानिक खेती, प्राकृतिक कृषि, फसल विविधीकरण तथा डिजिटल कृषि प्रबंधन की नवीनतम जानकारियां प्राप्त कीं। विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के नारायणपुर, डंगौरा, बेलबहरा, मोरगा, डिहुली, केल्हारी एवं महाई, विकासखंड खड़गवां के भुकभुकी, कोडांगी, छोटेकलुआ, ठग्गांव, फुनगा तथा विकासखंड भरतपुर के उदकी, नोढ़िया, चुटकी, केसौड़ा, नेऊर, सेमरिहा, जैती एवं मनौढ़ ग्राम पंचायतों में शिविर के माध्यम से आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई।

### किसानों के खिले चेहरे, खेती-किसानी कार्य में आएगी तेजी

# आषाढ़ के पहले दिन झमाझम बारिश



शहर में हो रही झमाझम बारिश।



खेती किसानी में आएगी तेजी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जेठ माह समाप्त होने के साथ ही आषाढ़ के पहले दिन कोरिया जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई। बारिश ने जहां उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को राहत दी, वहीं किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं। इसके पहले जिले में खंड वर्षा की स्थिति बनी हुई थी। बीच-बीच में हल्की बारिश होने के कारण उमस और गर्मी से लोग परेशान थे।

मंगलवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और शाम के समय अचानक गरज-चमक के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। कुछ देर हुई झमाझम बारिश से शहर क्षेत्र पूरी तरह तरबतर हो गया। जानकारी के अनुसार ▶▶शेष पेज 4 पर



जाम नाली।

### बारिश के साथ गुल हुई बिजली

अचानक बारिश शुरू होते ही शहर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था भी प्रभावित हुई। बारिश के दौरान बिजली गुल होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली गुल होने पर सबसे बड़ी परेशानी छोटे बच्चों को होती है। हालांकि बारिश रुकने के बाद चली ठंडी हवाओं से मौसम सुहावना हो गया।

### जाम नालियां बढ़ाएंगी परेशानी

बरसात के पहले शहर क्षेत्र की कई नालियों की सफाई नहीं होने से अब समस्या बढ़ सकती है। कई स्थानों पर नालियां प्लास्टिक कचरे, पत्तियों एवं गंदगी से भरी हुई हैं। ऐसे में बारिश के दौरान नालियों का गंदा पानी सड़कों पर आने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ सकती है।

# जर्जर पंचायत भवन में बैठने को मजबूर पंच-परमेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

■ नवीन भवन की मांग

कोरिया जिले के बैकुण्ठपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत जगतपुर का पंचायत भवन काफी पुराना होने के कारण अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुंच गया है।

पंचायत भवन में बैठक करने के दौरान पंच-परमेश्वर स्वयं को असुरक्षित महसूस करते हैं। इसे लेकर ग्राम पंचायत जगतपुर के सरपंच बुधराम ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर को पत्र लिखकर नवीन पंचायत भवन स्वीकृत करने की मांग की है। सरपंच ने अपने मांग पत्र में उल्लेख किया है कि वर्तमान पंचायत भवन की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। भवन की दीवारों में जगह-जगह स्थाई दरारें आ गई हैं। बिना कॉलम के बनाए गए भवन की संरचना कमजोर हो चुकी है, जिससे कभी भी क्षतिग्रस्त होने की संभावना बनी हुई है। उन्होंने बताया कि बरसात के दौरान पंचायत भवन की छत से पानी टपकता रहता है, जिसके कारण ग्राम पंचायत की बैठक एवं अन्य शासकीय कार्यों के संचालन में परेशानी होती है। ऐसी स्थिति में पंचायत भवन में बैठना जोखिम भरा बना हुआ है। सरपंच ने मांग की है कि ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों की सुरक्षा को देखते हुए जल्द से जल्द नवीन ग्राम पंचायत भवन की स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि सुरक्षित भवन में पंचायत की कार्यवाही संपादित हो सके।







# विकसित भारत जीरामजी योजना के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर



कलेक्टर कोरिया रोक्तिमा यादव के निर्देशन में जिले के दोनों जनपद पंचायतों में विकसित भारत जीरामजी योजना के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर मैदानी अमले को प्रशिक्षण दिया गया।

जनपद पंचायत सोनहत और बैकुण्ठपुर में आयोजित अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यक्रमों में तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सहायक सहित अन्य कर्मचारियों को योजना के दिशा-निर्देशों एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत यह अधिनियम आगामी एक जुलाई 2026 से पूरे देश में लागू होगा। योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंजीकृत जॉब कार्डधारी श्रमिक परिवारों को प्रतिवर्ष 125 दिवस के रोजगार की गारंटी दी जाएगी। पहले मनरेगा में यह अवधि 100 दिवस थी। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि योजना के प्रभावी संचालन के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर विकास योजना तैयार की जाएगी और कार्यों की प्राथमिकता तय की जाएगी। साथ ही रोजगार की मांग पर कार्य उपलब्ध नहीं होने पर बेरोजगारी भत्ता तथा मजदूरी भुगतान में विलंब होने पर मुआवजा देने का प्रावधान भी बताया गया। ▶▶शेष पेज 4 पर

# उप जेल मनेन्द्रगढ़ का जज ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेश पारिक के नेतृत्व में जिला स्तरीय निरीक्षण समिति ने उप जेल मनेन्द्रगढ़ का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, विधिक सहायता तथा जेल की व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अमृता दिनेश मिश्रा, एडिशनल कलेक्टर मनेन्द्रगढ़ अनिल सिदार, एडिशनल एसपी पुष्पेन्द्र नायक सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। समिति ने जेल परिसर का भ्रमण कर बंदियों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान समिति ने यह सुनिश्चित किया कि सभी बंदियों को समय पर विधिक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा उनके साथ किसी भी प्रकार का जातिगत अथवा अन्य प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है। समिति ने जेल में उपलब्ध बिस्तर, शौचालय, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, भोजन की गुणवत्ता तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बंदियों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा जेल परिसर में संचालित लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से प्रदान की जा रही विधिक सहायता की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बंदियों के अधिकारों की रक्षा, मानवीय गरिमा और न्याय तक उनकी सहज पहुंच सुनिश्चित की जाए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप जिला स्तरीय विजिटर बोर्ड द्वारा प्रत्येक तिमाही उप जेल मनेन्द्रगढ़ का नियमित निरीक्षण किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि बंदियों को सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध हों तथा उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो।

# सूरजपुर जिले की प्रभारी बनीं धर्मवती

**बैकुंठपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े को सूरजपुर जिले का प्रभारी नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से कार्यकतार्ओं में उत्साह का वातावरण है।



धर्मवती राजवाड़े का राजनीतिक एवं संगठनात्मक सफर वर्ष 2015 में वार्ड पंच के रूप में शुरू हुआ। इसके बाद उन्होंने महिला मोर्चा सलका मंडल में मीडिया प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तथा वर्तमान में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई। वर्तमान में वे जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 से जनपद सदस्य एवं सभापति के दायित्व का भी सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं। नई जिम्मेदारी मिलने पर धर्मवती राजवाड़े ने भारतीय जनता पार्टी के संगठन नेतृत्व एवं महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए इस दायित्व का मैं पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करूँगी। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा और जनसेवा के संकल्प को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य करती रहूँगी।

# गांवों में प्लास्टिक प्रदूषण पर लगाम लगाने कवायद

**मनेन्द्रगढ़।** ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत चनवारीडांड स्थित प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट एक प्रभावी मॉडल के रूप में उभर रही है।

यहां ग्राम पंचायतों से नियमित रूप से प्लास्टिक अपशिष्ट का संग्रहण कर उसका वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण किया जा रहा है, जिससे प्लास्टिक कचरा अब पर्यावरण के लिए खतरा नहीं बल्कि उपयोगी संसाधन बनता जा रहा है। प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट की टीम निर्धारित कार्यक्रम के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर घरों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों से प्लास्टिक कचरा एकत्रित करती है। इसके बाद संग्रहित प्लास्टिक को



यूनिट में लाकर अत्याधुनिक श्रेडिंग मशीन से छोटे-छोटे टुकड़ों में परिवर्तित किया जाता है। प्रसंस्करण के बाद इस प्लास्टिक का उपयोग पुनर्चक्रण एवं अन्य उपयोगी कार्यों में किया जाता है, जिससे प्लास्टिक अपशिष्ट का सुरक्षित एवं वैज्ञानिक निस्तारण सुनिश्चित हो रहा है। यह पहल न केवल ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत बना रही है, बल्कि ग्रामीणों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रही है।

# खीरा की आड़ में लकड़ी तस्करी, 6 लट्ठा लोड पिकअप को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

■ अन्तर्राज्यीय धनवार बैरियर पर पकड़ाया पिकअप, 4 लाख की लकड़ी जब्त

लकड़ी तस्करी के लिए तस्कर नए-नए हथकड़े अपना रहे हैं। बीती रात अंतर्राज्यीय धनवार बैरियर पर वनकर्मियों ने खीरा लोड एक संदिग्ध पिकअप की जांच की तो वाहन में 6 नग अवैध साल लट्ठा मिला। तस्कर साल लट्ठे के ऊपर खीरा के पैकेट रखे थे ताकि किसी को भी लकड़ी तस्करी का संदेह न हो।संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर सहित आसपास के गांवों में भारी मात्रा में खीरा, लौकी, टमाटर सहित अन्य सब्जियां नियमित यूपी, बिहार, झारखण्ड सहित अन्य राज्यों में भेजी जाती है। इन राज्यों के व्यापारी एवं एजेंट भी अलग-अलग वाहनों से सीधे किसानों से सब्जियां खरीद कर ले जाते हैं। सब्जियों के परिवहन के लिए पिकअप का उपयोग किया जाता है तथा सब्जियों के खराब होने की संभावना पर आमतौर पर वाहनों की जांच भी नहीं होती। बीती रात छत्तीसगढ़ एवं यूपी की सीमा पर स्थित अंतरराज्यीय बैरियर पर पिकअप क्रमांक यूपी 64 सीटी 5258 पहुंचा। वाहन में खीरा के पैकेट लोड थे। इस दौरान पिकअप में संदेहास्पद स्थिति में प्लास्टिक थैलियों में खीरा के पैकेट देख बैरियर पर तैनात वनकर्मियों को संदेह हुआ तो बारीकी से जांच की।

### 50 विभिन्न प्रजातियों के 50 पौधों का किया गया रोपण

# 18 वीं बटालियन परिसर में चला पौधरोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजस्विनी शाखा द्वारा 18वीं बटालियन परिसर में भव्य वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न प्रजातियों के 50 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और प्रत्येक नागरिक को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराना था।

कार्यक्रम में 18वीं बटालियन के एसपी एवं कमांडिंग ऑफिसर संजय शर्मा तथा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर अविनाश तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने तेजस्विनी शाखा के इस सामाजिक सरोकार से जुड़े प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सकता है। इस अवसर पर तेजस्विनी शाखा की अध्यक्ष श्रीमती अनीता फरमानिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की सुंदरता नहीं बढ़ाते, बल्कि मानव जीवन का आधार हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, लगातार घटते वन क्षेत्र और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण एक सामाजिक आंदोलन बनना चाहिए।




उन्होंने कहा, आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाले वर्षों में हजारों लोगों को स्वच्छ हवा, छाया और जीवन देगा। हमारा उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें संरक्षित कर बड़ा करना भी है। जब तक पौधे वृक्ष नहीं बन जाते, तब तक हमारा दायित्व समाप्त नहीं होता।₹ अनीता फरमानिया ने आगे कहा कि तेजस्विनी शाखा सामाजिक सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार सक्रिय है और पर्यावरण संरक्षण भी ▶▶शेष पेज 4 पर


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI ▶ KORBA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)

89595-93920 • 89595-44444



# हैवान में विलेन बनकर सैफ से भिड़ेंगे अक्षय

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार और सैफ अली खान की फिल्म 'हैवान' इस साल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है। सैफ अली खान ने अब अक्षय कुमार के किरदार के बारे में कुछ बातें बताई हैं। उन्होंने खुलासा कर दिया है कि आखिर अक्षय का रोल फिल्म में कैसा होगा? सैफ ने खुलासा किया कि अक्षय कुमार हैवान में एक नेगेटिव किरदार निभाने वाले हैं जो कि काफी खतरनाक होगा। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया, 'हम बहुत किस्मत वाले हैं कि वह फिल्म में यह रोल निभा रहे हैं। यह और भी रोमांचक है क्योंकि यह एक खतरनाक, नेगेटिव रोल है, और मैंने उन्हें ऐसा करते हुए बहुत कम देखा है।



लाइफ Style

# अनन्या

## ब्यूटी ट्रेंड्स के पीछे नहीं भागतीं

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अनन्या पांडे ने हाल ही में बताया है कि वह ट्रेंड को क्यों नहीं फॉलो करती हैं। उन्होंने नई पीढ़ी से एक अपील भी की है। सेलिब्रिटी पर हमेशा ट्रेंड्स के साथ चलने का दबाव रहता है। ऐसा इसलिए क्योंकि फैंस उन्हें अपना आदर्श मानते हैं। उन पर ये दबाव इसलिए भी रहता है कि क्योंकि ब्यूटी ट्रेंड्स रातों-रात बदल जाते हैं।

अनन्या पांडे के लिए, आज खूबसूरती का मतलब ट्रेंड्स को फॉलो करना नहीं, बल्कि अपनी असलियत को अपनाना है। एक बातचीत में एक्ट्रेस ने बताया कि वह कभी भी ब्यूटी ट्रेंड्स के पीछे नहीं भागतीं, बल्कि वही चीजें अपनाती हैं, जो उन्हें स्वाभाविक रूप से पसंद आती हैं। 'कॉल मी बे' की एक्ट्रेस ने कहा, 'मैं ट्रेंड्स को फॉलो वालों में से नहीं हूं। मुझे असल में ऑनलाइन सर्च करना पड़ता है कि अभी क्या ट्रेंड कर रहा है, वरना मुझे पता ही नहीं चलेगा। मुझे बस इतना पता है कि मेरे लिए क्या सही है।' अनन्या को फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' और 'चांद मेरा दिल' जैसी हालिया फिल्मों में उनकी परफॉर्मेंस के लिए तारीफ मिली, हालांकि ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं कर पाईं। सफलता और असफलता दोनों का अनुभव कर चुकीं यह एक्ट्रेस बड़े पर्दे के जादू में पक्का यकीन रखती हैं। अनन्या पांडे कहती हैं 'मुझे लगता है कि सिनेमा हमेशा रहेगा। मुझे थिएटर में जाकर हर तरह की फिल्में देखना पसंद है। मुझे सबसे ज्यादा मजा हर हफ्ते रिलीज होने वाली फिल्में देखने में आता है। मेरे लिए, फिल्में देखना मेरे बड़े होने का एक अहम हिस्सा रहा है। मैं नई पीढ़ी को थिएटर जाकर फिल्में देखने और हमारे सिनेमा को जिंदा रखने के लिए प्रोत्साहित करूंगी।'

हॉलीवुड मसाला



# प्रशंसक के माथे पर किया सिग्नेचर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता ड्वेन जॉनसन (द रॉक) ने हाल ही में स्कूली बच्चों से मुलाकात की और उन्हें जिंदगी की एक बड़ी सीख दी। ड्वेन जॉनसन ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने प्रशंसकों के साथ एक खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में स्कूल के बच्चे रॉक को देखकर बेहद खुश नजर आ रहे हैं। इन्हीं में से एक रॉक की प्रशंसक ने उनसे कहा कि वह उनके माथे पर कुछ खास लिखें, जो बिल्कुल अलग हो। इस पर ड्वेन ने प्रशंसक के माथे पर लिखा, 'आई लव यू' इसी के साथ उन्होंने अपना सिग्नेचर भी किया।



# सामंथा की फिल्म ने तोड़ा अनुष्का का रिकॉर्ड

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु की हालिया रिलीज फिल्म 'मां इंटी बंगारम' पर लगातार पैसों की बारिश हो रही है। इसके साथ ही अब यह महिला प्रधान दक्षिण भारतीय फिल्मों की लिस्ट में 'अरुंधति' को पछाड़ कर पहले नंबर पर आ गई है। अब तक इस लिस्ट में 2009 में रिलीज हुई अनुष्का शेट्टी अभिनीत फिल्म 'अरुंधति' पहले स्थान पर थी। यह साउथ सिनेमा की उन महिला प्रधान फिल्मों में से एक है, जिसने बॉक्स आफिस पर तगड़ा कलेक्शन किया था। 'अरुंधति' ने उस दौर में वर्ल्ड वाइड लगभग 70 करोड़ का कलेक्शन किया था। इसके बाद कई वर्षों तक यह तेलुगु सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला प्रधान फिल्म बनी रही। अब हालिया रिलीज 'मां इंटी बंगारम' ने महज 10 दिनों के अंदर 70 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया।



# करुप्पु की कामयाबी के बाद मिली नई मूवी

**मुंबई।** साउथ के बेहतरीन अभिनेता सूर्या अपनी फिल्म 'करुप्पु' की सफलता का जश्न मना रहे हैं। इस बीच उन्हें एक और फिल्म मिली है। होम्बले फिल्म्स ने आधिकारिक तौर पर अपने अगले महत्वाकांक्षी सिनेमाई प्रोजेक्ट की घोषणा कर दी है। इसमें सूर्या अहम रोल में होंगे। उनके साथ एक्ट्रेस कायाडू लोहार होंगी। होम्बले फिल्म्स ने पहले केजीएफ, कांतारा और सालार जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुका है। फिल्म में साई अभ्यंकर का म्यूजिक होगा, एस. आर. काथिर सिनेमैटोग्राफी संभालेंगे, के. काथिर प्रोडक्शन डिजाइन करेंगे और एडिटिंग फिलोमिन राज की होगी। इस नए सफर की ऑफिशियल शुरुआत 29 जून 2 को चेन्नई के पार्क हयात होटल में एक भव्य मुहूर्त पूजा के साथ हुई। इस खास मौके पर फिल्म के एक्टर्स, क्रू मेंबर्स और फिल्म इंडस्ट्री के कई बड़े चेहरे शामिल हुए।



# बॉलीवुड में काम करना चाहती हैं मिली बॉबी ब्राउन

**मुंबई।** हॉलीवुड एक्ट्रेस मिली बॉबी ब्राउन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'एनोला होम्स 3' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में वह एक बार फिर मशहूर यंग डिटेक्टिव के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म में एक्शन, रोमांस, ड्रामा और कॉमेडी सब कुछ है, और इसी वजह से मिली को लगता है कि वह हिंदी फिल्मों के लिए भी परफेक्ट हैं। हाल ही में दिए इंटरव्यू में मिली ने बॉलीवुड फिल्म में काम करने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने कहा, 'बिल्कुल, मैं कभी मना नहीं करूंगी। इंडिया मेरी बकेट लिस्ट में है। मैं वहां जाना चाहती हूं। मैं कुछ भी करने के लिए तैयार हूं, खासकर कॉमेडी क्योंकि मैं एक फनी गर्ल हूं।'जब उनसे पूछा गया कि क्या वह हिंदी फिल्मों में डांस करने के लिए तैयार होंगी, तो उन्होंने तुरंत हां कहा।

टीवी मसाला




# ऑटिज़्म और स्वीकार्यता की प्रेरणादायक कहानी 'जूही मुई'

**मुंबई।** नया टीवी सीरियल 'जूही मुई' का प्रीमियर सोमवार 29 जून को हुआ। यह सीरियल हर सोमवार से शुक्रवार रात 9:30 बजे कलर्स और जियो हॉटस्टार पर प्रसारित होगा। इसमें प्रमुख कलाकार संजय सूरी, ईशा सिंह, विजयेंद्र कुमेरिया, साई देवधर, कुशाग घुगे और अयूब खान हैं। कहते हैं, 'हर दिमाग अपनी तरह से चमकता है।' ऐसे समय में जब समाज व्यक्तिगतता का जश्न मनाता है, लेकिन उसे समझने में अक्सर संघर्ष करता है। कलर्स लेकर आ रहा है 'जूही मुई' एक दिल छू लेने वाली कहानी एक युवा ऑटिस्टिक लड़की की, जो ऐसे संसार में जी रही है, जो उसे लगातार कम आंकता है। कहानी के केंद्र में है जूही सूरी एक तेज़ और उज्ज्वल युवती, जिसकी दुनिया को देखने का अनोखा तरीका उसकी सबसे बड़ी ताक़त भी है और सबसे बड़ी चुनौती भी। असाधारण याददाश्त और पैनी सोच से लैस जूही के पास ऐसी क्षमताएं हैं, जो उसे दूसरों से अलग बनाती हैं। लेकिन, अपनी प्रतिभा के बावजूद जूही अक्सर इस वजह से आंकी जाती है कि वह अलग है और समाज की संकीर्ण परिभाषा के हिसाब से 'नॉर्मल' नहीं मानी जाती। कानून के चेंबर के अनुशासन में अपने भाई करण के साथ पली-बढ़ी जूही ने बचपन से ही अपने स्नेही पिता राजेंद्र सूरी को देखा, जो एक सम्मानित वकील हैं और अपनी खुद की प्रैक्टिस चलाते हैं। वह रोज़ाना जिस दुनिया से लड़ते हैं, उससे जूही को बचाकर रखते हैं। जूही का दिमाग़ कानून के लिए ही बना है उसे धाराएं शब्दशः याद रहती हैं, वह मिसालों को तुरंत जोड़ लेती है और वे बारीकियां देख लेती हैं, जो दूसरों की नज़र से छूट जाती हैं।

## लॉक अप 2 में राम के बर्ताव की आलोचना

**नई दिल्ली।** 'लॉक अप' का नया सीजन अभी शुरू ही हुआ है, मगर इसने तीखी बहस, अचानक झगड़ों और ढेर सारे ड्रामे से दर्शकों को बांधा है। हाल ही में एक टास्क के दौरान होस्ट और जेलर रितेश देशमुख के साथ एक्टर राम कपूर की तीखी बहस हो गई। इसके बाद ऑनलाइन चर्चा शुरू हो गई। शो में राम कपूर ने पानी मांगा। जब उन्हें पानी नहीं मिला, तो वह आपा खो बैठे और मेकर्स को चेतावनी देते हुए कहा 'मैं काफी देर से पानी मांग रहा हूं। आप लोग हमसे यह सब करवा रहे हैं, लेकिन पानी नहीं दे रहे। यह सही नहीं है। पानी भेजो।' टास्क के लगभग खत्म होने तक भी उनकी मांग पूरी नहीं हुई, तो राम खेलने की जगह के बीच में खड़े हो गए और खेल को आगे बढ़ने से रोक दिया। जब रितेश देशमुख ने उन्हें चेतावनी दी कि उन्हें पेंटबॉल लग सकता है, तो राम ने जवाब दिया, 'लगने दो, आओ मारो।'



# सीआईडी से पहले दूरदर्शन की जान था ये क्राइम शो

*आज जब भी भारतीय टीवी के सबसे लोकप्रिय क्राइम शोज की बात होती है तो सबसे पहले सीआईडी का नाम याद आता है। लेकिन, उससे कई साल पहले दूरदर्शन पर एक ऐसा शो आया था, जिसने दर्शकों को हर रविवार टीवी के सामने बैठने पर मजबूर कर दिया था।*

**नई दिल्ली।** यह शो था 'तहकीकात', जिसमें हर हफ्ते एक नई मर्डर मिस्ट्री, नए किरदार और चौंकाने वाले खुलासे देखने को मिलते थे। शानदार कहानी, सस्पेंस और बेहतरीन अभिनय ने इसे 90 के दशक का सबसे चर्चित क्राइम सीरियल बना दिया। खास बात यह थी कि इस शो में कई बॉलीवुड कलाकार भी गेस्ट रोल में नजर आते थे, जिससे हर एपिसोड को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ जाती थी।'तहकीकात' की सबसे बड़ी खासियत इसकी अलग-अलग कहानियां थीं। हर एपिसोड में एक नया केस होता था, जिसमें हत्या या किसी रहस्यमय अपराध की गुत्थी सुलझाई जाती थी।



जांच के दौरान कई संदिग्ध सामने आते थे और कहानी ऐसे मोड़ लेती थी कि असली अपराधी का अंदाजा लगाना आसान नहीं होता था। यही वजह थी कि दर्शक शुरुआत से लेकर अंत तक टीवी स्क्रीन से नजरें नहीं हटाते थे। उस दौर में जब क्राइम और इन्वेस्टिगेशन आधारित शो बहुत कम थे, तब 'तहकीकात' ने अपनी अलग पहचान बनाई। इस शो में मशहूर फिल्मकार और अभिनेता विजय आनंद ने जासूस सैम डिसिल्वा का किरदार निभाया था, जबकि सौरभ शुक्ला उनके सहायक गोपी के रोल में नजर आए थे। दोनों की शानदार केमिस्ट्री और केस सुलझाने का अंदाज दर्शकों को खूब पसंद आया। गंभीर जांच के बीच हल्का-फुल्का हास्य भी देखने को मिलता था, जिससे शो और भी मनोरंजक बन जाता था। इन दोनों कलाकारों की दमदार एक्टिंग ने

# आवारापन 2 का धमाकेदार टीजर रिलीज एक्शन अवतार में नजर आए इमरान



**मुंबई।** विशेष फिल्म्स ने आधिकारिक तौर पर 29 जून को 'आवारापन 2' का टीजर रिलीज कर दिया है। 2007 की कल्ट क्लासिक फिल्म 'आवारापन' के 19 साल के लंबे समय बाद आखिरकार इसका सीक्वल आ रहा है। इस फिल्म में इमरान हाशमी के साथ दिशा पाटनी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। टीजर में इमरान हाशमी जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। वहीं दिशा पाटनी की प्यारी झलक भी सामने आई है। इमरान हाशमी की फिल्म 'आवारापन 2' के टीजर की शरुआत इन लाइन से शुरू होती है- 'कछ लोगों की कहानिंया उनकी मर्जी से खत्म नहीं होती है, उनकी कहानी दूसरों के लिए लिखी जाती है।' इसी के साथ फिल्म में इमरान को एक्शन करते दिखाया गया है। इसके साथ ही शबाना आजमी और दिशा पाटनी की खास झलक भी दिखाई गई है। विशेष फिल्म्स ने आज आधिकारिक तौर पर 'आवारापन 2' के टीजर को रिलीज करके इमरान हाशमी के प्रशंसकों को खुश कर दिया है। 'आवारापन 2' 14 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो स्वतंत्रता दिवस के वीकेंड पर पड़ रहा है।

## प्रीतम एंड पेड्रो से सुपर सुब्बू' तक, हिरानी कर रहे हैं डेब्यू

# इस वीक ओटीटी पर होगी मनोरंजन की जबरदस्त बरसात

***नई दिल्ली।*** तपती गर्मियों से राहत के बीच हर तरफ मॉनसून का इंतजार हो रहा है। आज मंगलवार से आषाढ़ का महीना भी लग गया। दूसरी तरफ सिनेमाघरों में कई फिल्मों की बहार आई हुई है। अक्षय कुमार की 'वेलकम टू द जंगल' 50 करोड़ी हो चुकी है। 'अल्फा' सहित कुछ नई फिल्में इस वीक रिलीज की कतार में हैं। मगर, ओटीटी पर क्या खास होगा?

### एनोला होम्स 3


यह मिस्ट्री एडवेंचर फिल्म की तीसरी कड़ी है। इसमें दिखाया गया है कि एनोला की शादी वाले दिन उसके भाई का अपहरण कर लिया जाता है। ऐसे में एनोला को शादी छोड़कर भाई को ढूंढने निकलना पड़ता है। इस दौरान कई चुनौतियां आती हैं। कई जोखिम होते हैं। 'एनोला होम्स 3' को दर्शक 01 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे।

### एली

यह कॉमेडी ड्रामा सीरीज 01 जुलाई से प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। यह मशहूर हॉलीवुड फिल्म 'लीगली ब्लॉन्ड' की प्रीक्वल सीरीज है, जो मुख्य किरदार एली वुड के हाई स्कूल के दिनों की कहानी दिखाएगी।

### सुपर सुब्बू

यह संदीप किशन, मिथिला पालकर, मुरली शर्मा, मनसा चौधरी अभिनीत कॉमेडी सीरीज है। इस सीरीज में एक बदकिस्मत टीचर को एक ऐसे गांव में 'यौन शिक्षा' सिखाने का काम मिलता है, जहां का माहौल उसके खिलाफ है। यह सीरीज 02 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



### प्रीतम एंड पेड्रो

यह इस सप्ताह की सबसे चर्चित सीरीज है। इसके जरिए नामी निर्माता-निर्देशक राजकुमार हिरानी ओटीटी की दुनिया में डेब्यू कर रहे हैं। वहीं, उनके बेटे वीर हिरानी एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं। इसमें अरशद वारसी और विक्रांत मैसी भी अहम भूमिका में हैं। यह सीरीज 03 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। सीरीज का निर्देशन अविनाश अरुण ने किया है।

### इसाकापट्टनम

यह एक तेलुगु क्राइम एक्शन थ्रिलर सीरीज है। इसमें दिखाया गया है कि पोर्ट टाउन इसाकापट्टनम में बाहर से आया एक शख्स अपने दिमाग और ताकत के बूते बहुत बड़ा आदमी बन जाता है। सबके अंदर उसका खौफ है। मगर, ऐसा समय आता है, जब उसके सामने अपना वर्चस्व बनाए रखने की चुनौती होती है।

### रेजिडेंट एलियन

अगर साइंस फिक्शन सीरीज में आपकी दिलचस्पी है तो यह आपके लिए है। यह एक ऐसे एलियन पर आधारित है, जो अपनी वास्तविकता छिपाकर रखता है। अपनी खोई हुई स्पेसशिप को खोजने के मिशन पर है। इसके दो सीजन पहले ही आ चुके हैं। अब नया सीजन 01 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।



## खबर संक्षेप



### सदगुरु कबीर दास प्राकट्य दिवस पर किया गया कबीर चबूतरा का भूमि पूजन

**अंबिकापुर।** सदगुरु कबीर दास जी के प्राकट्य दिवस पर छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने ग्राम पंचायत बरढोढ़ी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में संत शिरोमणि कबीर दास जी के उपदेशों के विषय में विस्तार से बातचीत की गई तथा मानव-मानव एक समान की बात कही गई। ग्रामीण जनों के बीच चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने उनके सुख-दुख में साथ रहने की बात कही तथा ग्रामीणों ने भी पिछले ढाई वर्षों में हुए विकास के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा भाजपा सरकार के प्रति धन्यवाद प्रेषित किया। जिला पंचायत सदस्य पायल सिंह तोमर ने कहा की डबल इंजन की सरकार लोगों की जीवन में शांति तथा विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आम लोगों के आवास से लेकर के स्वच्छ पेयजल, अच्छी सड़क तथा अन्य कार्य भी लगातार कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पायल सिंह तोमर के द्वारा अनुमोदित किए गए 4 लाख रूपए की लागत से बन रहे कबीर चबूतरा का भूमि पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू सिंह, दिगंबर यादव, जगजीवन दास, सरपंच कन्तोष कुजूर, केवल यादव तथा सैकड़ों की संख्या में आम जनमानस उपस्थित थे।

### रामनगर के केवटापारा में वर्षों बाद बन रही सड़क




**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत रामनगर के वार्ड क्रमांक 19 स्थित केवटापारा में कई वर्षों बाद सड़क निर्माण होने से मोहल्लेवासियों में खुशी का माहौल है। वर्षों से सड़क के अभाव में लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। स्थानीय निवासी भैयालाल प्रजापति ने बताया कि उनके मामा ने आजादी से पहले इस मोहल्ले में घर बनाया था। उस समय केवल तीन परिवार यहां रहते थे, जबकि वर्तमान में करीब 10 परिवार निवास कर रहे हैं। इसके बावजूद आज तक सड़क नहीं बनने से लोगों को बरसात सहित अन्य मौसमों में काफी दिक्कतें झेलनी पड़ती थीं। उन्होंने बताया कि अब ग्राम पंचायत की सरपंच संगीता रोहित प्रताप सिंह के प्रयासों से सड़क निर्माण का कार्य प्रारम्भ हूआ है, जिससे मोहल्ले के लोगों, विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए आवागमन सुगम हुआ है।

### नपं उपाध्यक्ष एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ने छात्र -छात्राओं कराया न्योता भोज



**कुसमी।** नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आनंद जायसवाल द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय में ही न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज में छात्र - छात्राओं सहित विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक,शिक्षिकाओं ने न्योता भोज किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों ने विद्यालय में न्योता भोज कराने की सराहना की।

### ककना बूथ में विधायक एवं कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



**राजपुर।** बरियों मंडल के ककना बूथ में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 135वें मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी, सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार तथा देश के समग्र विकास से जुड़े प्रेरणादायी विचार साझा किए। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें जनहित एवं राष्ट्रहित में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से संवाद करते हुए क्षेत्र के विकास, जनसेवा और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सिविल, इलेक्ट्रिकल में बढ़ी युवाओं की रूचि

# प्रथम काउंसलिंग में पॉलीटेक्निक के 50 फीसदी सीटों पर हुए प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

निजी क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं बढ़ने के बाद डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के प्रति छात्र-छात्राओं की रूचि बढ़ी है। वर्तमान में डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही हैं तथा प्रथम काउंसलिंग में लगभग 50 फीसदी सीटें भर गई है।

**खास बात**
- नई संस्थाओं में नाम मात्र के प्रवेश

कोविड काल के बाद डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के प्रति छात्र-छात्राओं की रूचि कम हो गई थी। शासकीय विभागों में रोजगार उपलब्ध नहीं होने के कारण पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी काफी निराश थे। संस्था के अधिकारी-कर्मचारी विभिन्न स्कूलों का भ्रमण कर छात्र-छात्राओं को तकनीकी पाठ्यक्रमों की उपयोगिता बताकर लगातार जागरूकता अभियान चला रहे थे इसके बावजूद सीटें खाली रह जाती थी। पिछले सालों से निजी क्षेत्र में डिप्लोमाधारी युवाओं की मांग बढ़ने एवं पढ़ाई करने वाले अधिकांश विद्यार्थियों को निजी कंपनियों में रोजगार मिलने के बाद स्थिति बदली है तथा छात्र-छात्राएं तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने में रूचि ले रहे हैं। तकनीकी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रति छात्र-छात्राओं की रूचि से शासकीय पॉलीटेक्निक के अधिकारी-कर्मचारी काफी उत्साहित हैं तथा इस बार सभी पाठ्यक्रमों में निर्धारित सभी सीटों पर प्रवेश होने को लेकर काफी उत्साहित है। सरगुजा संभाग के विभिन्न 6 जिलों में 7 शासकीय पॉलीटेक्निक संचालित हैं। जशपुर जिले में दो शासकीय पॉलीटेक्निक जबकि अन्य जिलों में एक-एक संस्थान संचालित है। पूर्व से संचालित संस्थानों में इस बार प्रवेश की स्थिति उत्साहजनक है जबकि नई संस्थाओं की स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। साधन विहीन इन संस्थाओं में प्रवेश लेने में रूचि नहीं ले रहे हैं।




### सर्वाधिक प्रवेश अम्बिकापुर में

संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर में संचालित सबसे पुराने शासकीय पॉलीटेक्निक में 248 सीटों के विरूद्ध विभिन्न संकायों में प्रथम कांउसलिंग में 203 सीटें आवंटित की गई है जिसमें 106 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है। पिछले साल मात्र 188 सीटों पर ही विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था। इसी तरह शासकीय पॉलीटेक्निक सूरजपुर में 189 सीटों के विरूद्ध प्रथम दौर में 158 सीटें आवंटित की गई हैं तथा 82 सीटों में प्रवेश हुआ है। गत वर्ष 139 सीटों पर प्रवेश हुआ था। शासकीय पॉलीटेक्निक चिरमिरी में स्वीकृत 92 सीट में 60 सीटें आवंटित की गई है तथा 42 प्रवेश हुए है। पिछले साल संस्था में 60 प्रवेश हुए थे। शासकीय पॉलीटेक्निक चिरमिरी में स्वीकृत 92 सीट के विरूद्ध 54 सीटें आवंटित की गई हैं तथा 29 प्रवेश हुए हैं। शासकीय पॉलीटेक्निक रामानुजगंज में 180 सीटों में से 16 सीटें आवंटित की गई हैं तथा मात्र 10 प्रवेश हुए है। शासकीय पॉलीटेक्निक जशपुर में 91 सीटों में से आवंटित 11 में से मात्र 4 एवं शासकीय पॉलीटेक्निक बगीचा में 60 सीट के विरूद्ध आवंटित 7 सीटों में से मात्र 4 पर प्रवेश हुए है। भवन, अध्यापक, लैब सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण शासकीय पॉलीटेक्निक कोरिया, रामानुजगंज, जशपुर एवं बगीचा में हर साल काफी कम प्रवेश हो रहे हैं।

### कम्प्यूटर साइंस में कम रूचि

कभी कम्प्यूटर साइंस के डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं की भारी भीड़ उमड़ती थी। अब रोजगार की संभावनाएं कम होने के कारण इस पाठ्यक्रम के प्रति छात्र-छात्राओं की रूचि कम हो गई है जिसके कारण सीटें खाली रह जा रही है। इसी तरह माइनिंग की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को भी रोजगार के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। इसके विपरीत सिविल, इलेक्ट्रिकल्स एवं इलेक्ट्रॉनिक्स में निजी क्षेत्र की कंपनियों में रोजगार की संभावनाएं बढ़ने के कारण विद्यार्थियों का पाठ्यक्रमों के प्रति रूझान बढ़ा है।

### बढ़ी है विद्यार्थियों की रूचि

रोजगार की संभावनाएं बढ़न के कारण सिविल, इलेक्ट्रिकल्स एवं इलेक्ट्रॉनिक्स पाठ्यक्रम के प्रति विद्यार्थियों की रूचि बढ़ी है। प्रथम दौर में लगभग 50 फीसदी सीटों पर प्रवेश हुए हैं। 3 जुलाई से द्वितीय चरण के प्रवेश होंगे। इस बार सभी सीटों पर प्रवेश होने की उम्मीद है। संस्था के अधिकांश विद्यार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार मिला है।

-आरजे पाण्डेय
प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक



## बिश्रामपुर शाखा में ध्वज फहराकर सहकारी सप्ताह का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 29 जून से 6 जुलाई तक देशभर में सहकारी सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में उप आयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला सूरजपुर के निर्देशानुसार सोमवार को आदिम जाति सेवा सहकारी बैंक, बिश्रामपुर शाखा में सहकारिता ध्वज फहराकर सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया।

- उपभोक्ताओं को वितरण किये गए एटीएम

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत शिवनंदनपुर के अध्यक्ष रितेश जायसवाल तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता रामानंद जायसवाल उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद रितेश जायसवाल ने उपस्थित किसानों एवं बैंक उपभोक्ताओं को सहकारिता सप्ताह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार देशभर में सहकारिता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर बैंक उपभोक्ताओं को एटीएम कार्ड भी वितरित किए तथा शाखा की गतिविधियों की जानकारी ली। शाखा प्रबंधक एवं नोडल अधिकारी दिलीप दुबे ने बताया कि सहकारी सप्ताह के दौरान नवीन सदस्यता अभियान, समिति के बायलॉज का वाचन, जिला स्तरीय बैठक, एफपीओ एवं पैक्स की भूमिका पर परिचर्चा, कृषक संगोष्ठी, मृदा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, ड्रोन प्रदर्शन, माइक्रो एटीएम के माध्यम से वित्तीय लेनदेन, नए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) निर्माण, एटीएम कार्ड वितरण, स्वच्छता अभियान तथा पौधरोपण जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर नगर पंचायत बिश्रामपुर के पार्षद रविशंकर बउवा, अमित मित्तल, पूर्व सरपंच भानु प्रताप सिंह, फील्ड ऑफिसर अतुल उपाध्याय, कैशियर कविता केरकेट्टा,र ाहुल केसरी सहित किसान और बैंक उपभोक्ता उपस्थित रहे।

## खबर का असर : गांव पहुंची टीम ने घर-घर जाकर पिलाई पोलियो ड्रॉप



**बिहारपुर।** पल्स पोलियो अभियान में बड़ी संख्या में बच्चों के दवा से वंचित रहने की खबर सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया। खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग की टीम संबंधित गांव पहुंची और घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का विशेष अभियान चलाया। मितानिनों और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें पोलियों की खुराक पिलाई, जो पहले अभियान से छूट गए थे। इस दौरान कांग्रेस नेता लवकेश गुर्जर गांव पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा कर अभियान का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान केवल 10 प्रतिशत बच्चों को ही मितानिनों द्वारा पोलियों की दवा पिलाई गई थी, जबकि करीब 90 प्रतिशत बच्चे अभी भी वंचित थे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से तत्काल विशेष कैंप लगाकर शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियों की खुराक उपलब्ध कराने की मांग की थी। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची और छूटे हएु बच्चों को घर-घर जाकर पोलियो ड्रॉप पिलाई।

## आधी-अधूरी तैयारी के साथ देर से पहुंचे आग बुझाने, पांच निलंबित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

आग लगने की सूचना के बाद भी देरी व आधी अधूरी तैयारी पहुंचना दमकल कर्मियों को महंगा पड़ गया है। कलेक्टर के निर्देश पर फायर इंचार्ज समेत पांच पर यह कार्रवाई की गई है। कलेक्टर ने इस लापरवाही पर पांच कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई से जिले में हड़कंप मच गया है।

बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह 11 बजे जिला मुख्यालय के शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के समीप एक मकान में आग लग गई थी। आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने दमकल कर्मियों को दी। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची लेकिन इस दौरान कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई। दमकल की टीम पहले तो घटना स्थल पर काफी विलंब से पहुंची इसके साथ ही दमकल के वाहन में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं था। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद वाहन में पानी भरने की प्रक्रिया शुरू की ई । जिससे आग बुझाने के कार्य में अनावश्यक विलंब हुआ और आग पर नियंत्रण पाने में अपेक्षाकृत अधिक समय लगा। इस बात को लेकर लोगों में नाराजगी देखने को मिली। इसके साथ ही मामले की शिकायत कलेक्टर से की गई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने तत्काल रूप से जिला सेनानी नगर सेना को दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में अनुशासनहीनता एवं अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही बरतने पर फायर इंचार्ज सजय पटेल, सैनिक राजेन्द्र प्रसाद, बुद्धिनारायण दुबे, फासिस जेवियर, पंप आपरेटर कम वाहन चालक सुनीन एक्का फायर मेन को होमगार्ड अधिनियम की धारा 13 नियम 12 में दिये गये प्रावधान के द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।



### सेन्ट्रल हॉस्पिटल स्थित पार्किंग शेड पर गिरी पेड़ की डंगाल, चिकित्सक की कार क्षतिग्रस्त

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के सेंट्रल हॉस्पिटल बिश्रामपुर में मंगलवार को सिविल विभाग की कथित लापरवाही के चलते बड़ा हादसा होते-होते टल गया,अस्पताल परिसर स्थित जर्जर कार पार्किंग शेड पर पेड़ की बड़ी डंगाल गिर गई। कमजोर हो चुके शेड के टूटने से भारी डंगाल नीचे खड़ी एक चिकित्सक की कार पर आ गिरी, जिससे कार का बोनट, छत और अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय कार के आसपास कोई मौजूद नहीं था,जिससे बड़ा हादसा टल गया और कोई जनहानी नहीं हुई। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, पार्किंग शेड की जर्जर स्थिति, परिसर में लगे घने पेड़ों की छंटाई तथा करीब तीन माह से क्षतिग्रस्त पड़ी बाउंड्री वॉल की मरम्मत को लेकर सिविल विभाग को कई बार लिखित रूप से अवगत कराया गया था। इसके बावजूद आवश्यक मरम्मत और रखरखाव का कार्य नहीं कराया गया। प्रबंधन का कहना है कि समय रहते कार्रवाई होती तो इस घटना से बचा जा सकता था। घटना के बाद अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मचारियों में नाराजगी है।



## जनता की शिकायतों को नम्रतापूर्वक सुनें और उनके साथ करें गरिमापूर्ण व्यवहार : एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले के थाना-चौकी के बीट प्रणाली को मजबूत और अधिक प्रभावी बनाने के लिए शनिवार को कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बुनियादी पुलिसिंग को सुदृढ़ करना और जनता के बीच सुरक्षा की भावना बढ़ाना था। कार्यशाला में जिलेभर के पुलिस अधिकारी व बीट प्रभारी मौजूद रहे। जिले के 22 थाना-चौकी क्षेत्रों के कुल 558 ग्रामों के लिए 70 बीट बनाई हैं। एसएसपी ने बीट प्रणाली को प्रभावी रूप से क्रियान्वयन कराये जाने के सम्बन्ध में पुलिस रेगुलेशन के पैरा के अनुसार कानून व्यवस्था एवं अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस हल्कों एवं बीट व्यवस्था में दिए गए निर्देशों को विस्तार से बताया।

इस अवसर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि बीट प्रणाली पुलिस व्यवस्था का सबसे जमीनी और महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि बीट क्षेत्र के लिए ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे किसी भी सूचना, सावधानी की जानकारी को प्रत्येक बीट के नागरिक को अवगत कराया जा सके। बीट प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाई जाए और बीट क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर नागरिकों के साथ निरंतर संवाद स्थापित करें। जमीनी स्तर पर असामाजिक तत्वों और संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी करते हुए सटीक जानकारी हासिल कर तत्काल एक्शन ले। क्षेत्र में होने वाले अपराधों पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाए ताकि पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास और मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा, बुजुर्गों की मदद और युवाओं को जागरूक करना भी बीट प्रणाली का हिस्सा है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन, सीएसपी बेनार्ड कुजूर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी राजेश जोशी, एसडीओपी अभिषेक पैकरा, डीएसपी अजाक रीना नीलम कुजूर, डीएसपी अनूप एक्का एवं जिले थाना-चौकी प्रभारी सहित सभी बीट प्रभारी मौजूद रहे।



### भाड़ा संशोधित करने का आश्वासन मिलने के बाद ट्रेलर यूनियन का चक्का जाम समाप्त

**बिश्रामपुर।** करंजी रेलवे साइडिंग में कोयला परिवहन से जुड़े स्थानीय ट्रिप ट्रेलर यूनियन और ट्रांसपोर्टर प्रतिनिधियों के बीच हुई वार्ता में सहमति बनने के बाद सोमवार अपराह्न करीब 3 बजे अनिश्चितकालीन चक्का जाम समाप्त कर दिया गया,इसके साथ ही कोयला परिवहन का कार्य पुनः सामान्य रूप से शुरू हो गया।

यूनियन द्वारा डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण परिवहन लागत में हुई वृद्धि को देखते हुए भाड़ा बढ़ाने की मांग की जा रही थी। वार्ता के दौरान ट्रांसपोर्टर पक्ष ने डीजल मूल्य वृद्धि से बढ़े अतिरिक्त आर्थिक भार के अनुरूप भाड़ा संशोधित करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद आंदोलन समाप्त करने पर सहमति बनी। ट्रिप ट्रेलर ऑनर कल्याण संघ, सूरजपुर के अध्यक्ष रामनरेश यादव, उपाध्यक्ष समीर सिंह एवं कोषाध्यक्ष प्रेमजीत सिंह ने संतोषजनक भाड़ा निर्धारण पर खुशी जताते हुए सभी पक्षों का आभार व्यक्त किया। धरना-प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने पुलिस प्रशासन ने सतर्क रहते हुए यूनियन के आंदोलन पर नजर बनाए रखा। दोनों पक्षों से हुई चर्चा के दौरान ट्रक ट्रेलर मालिक संघ के पदाधिकारी कार्यकर्ता, मोहर लाल मानिकपुरी, केशव राजवाड़े, आदित्य चौधरी, सरफराज, चेतन देवांगन एवं धर्मेंद्र गुप्ता सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैनपाट में कक्षा 11वीं के लिए प्रवेश आवेदन आमंत्रित

**अम्बिकापुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, मैनपाट जिला सरगुजा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यालय में कक्षा 11वीं के लिए कुल 24 रिक्त सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें गणित एवं विज्ञान संकाय के लिए 10 तथा वाणिज्य संकाय के लिए 14 सीटें निर्धारित हैं। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी 01 जुलाई से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकेंगे। आवेदन पत्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, मैनपाट से अथवा विद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर 20 जुलाई तक विद्यालय में सीधे जमा करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त आवेदनों के आधार पर तैयार की गई मेरिट सूची 22 जुलाई को विद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी तथा विद्यालय के सूचना पटल पर भी प्रदर्शित की जाएगी। चयनित विद्यार्थियों का प्रवेश कक्षा 10वीं की परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया 25 जुलाई से प्रारंभ होगी तथा प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

## कुर्सी का ऐसा मोह, नए प्रभारी बीईओ ने किया ज्वाइन लेकिन नहीं मिला चार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके इसके लिए शिक्षा विभाग के कार्य योजना तथा शिक्षकों को सही दिशा निर्देश पर निर्भर है। ऐसे में शिक्षा विभाग के अधिकारी अपनी कुर्सी की वचर्सव की लड़ाई में उलझे रहे तो इसका असर बच्चों की पढ़ाई पर कितना असर पड़ेगा यह आसानी से समझा जा सकता है। कुछ इस तरह की स्थिति प्रतापपुर विकासखंड का शिक्षा विभाग की है। इन दिनों एक ऐसे प्रशासनिक संकट के बीच खड़ा है, जिसने पूरे जिले में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी की कुर्सी को लेकर ऐसी स्थिति बन गई है कि शिक्षक और कर्मचारी खुद यह तय नहीं कर पा रहे कि आखिर विभाग में वैध आदेश किसका माना जाए।

**खास बात**
- शिक्षक और कर्मचारी तय नहीं कर पा रहे कि विभाग में वैध आदेश किसका

जानकारी के अनुसार, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मूल पद पर पदस्थ मुन्नूलाल धुर्वे पिछले करीब सात वर्षों से प्रभारी बीईओ का दायित्व संभाल रहे हैं। इसी बीच स्कूल शिक्षा विभाग ने व्याख्याता अरुण कुमार पांडेय को प्रभारी बीईओ नियुक्त करते हुए आदेश जारी किया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार श्री पांडेय ने ज्वाइनिंग भी दे दी है, लेकिन अब तक उन्हें विधिवत प्रभार नहीं सौंपा गया है। ऐसे में कई सवाल खड़े होने लगे हैं। यदि शासन ने नया आदेश जारी कर दिया है, तो फिर चार्ज हस्तांतरण क्यों नहीं हो रहा? क्या कोई प्रशासनिक अड़चन है, या मामला किसी अन्य वजह से अटका हुआ है? इन सवालों के जवाब अभी स्पष्ट नहीं हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने पुराने विवादों को भी फिर से चर्चा में ला दिया है। मुन्नूलाल धुर्वे के लंबे समय तक एक ही स्थान पर प्रभारी बीईओ बने रहने को लेकर पूर्व में कई शिकायतें जिला प्रशासन, संभाग आयुक्त और स्कूल शिक्षा विभाग तक भेजी जा चुकी हैं। शिकायतों में शासन की स्थानांतरण नीति के उल्लंघन, निरीक्षण कार्यों में कमी तथा विभागीय कार्यप्रणाली को लेकर विभिन्न आरोप लगाए गए थे। हालांकि इन आरोपों पर अंतिम निर्णय संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया जाना शेष है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2025 में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान तत्कालीन कलेक्टर ने उनके विरुद्ध निलंबन प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए थे। उस कार्रवाई की वर्तमान स्थिति क्या है, यह भी अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। अब सबकी निगाहें जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग पर टिकी हैं। देखना होगा कि नए आदेश का पूर्ण पालन होता है या फिर बीईओ की कुर्सी पर बना यह विवाद आने वाले दिनों में और बड़ा रूप लेता है।




### शासन का आदेश सर्वोपरि

शासन का आदेश सर्वोपरि है और उसका पालन किया जाना अनिवार्य है। यदि आदेश के पालन में किसी प्रकार की लापरवाही या विलंब सामने आता है तो पहले पूरे मामले की वास्तविकता की जांच कराई जाएगी। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-श्रीमती रेना जमील
कलेक्टर सूरजपुर

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने सीधे सुनीं समस्याएं

**मनेन्द्रगढ़।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सुशासन की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से कलेक्टर संतन देवी जांगड़े के मार्गदर्शन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। समय-सीमा बैठक के दौरान आयोजित जनदर्शन में जिले के दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

### दुर्घटना मे पूरी रात घटना स्थल पर पड़ा रहा घायल, मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम सकालो निवासी धीरज बरवा आ. दुजा बरवा (19 वर्ष) 28 जून को पड़ोसी के यहां बारात ग्राम सपना जाने के लिए निकला। युवक बारातियों के साथ न जा कर अकेली ही रात लगभग 8 बजे बाइक क्रमांक सीजी 15 एमआर 0233 से सपना जाने के लिए निकला। जैसे ही युवक मेंड्रा कला सैनिक स्कूल के पीने पहुंचा तभी बाइक से अनियंत्रित होकर गिर गया। दुर्घटना में चोट लगने से युवक मौके पर ही अचेत हो गया। इसी बीच परिजन उसके मोबाइल में कई बार फोन किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। सुबह एक व्यक्ति ने युवक का एक्सीडेंट हो जाने की जानकारी परिजन को दी। परिजन मौके पर पहुंच तत्काल युवक को टाटा मैजिक वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### साहित्यकारों का जत्था सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा कर लौटा



**केदमा।** छत्तीसगढ़ शासन के अभिनव प्रयास सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा अंतर्गत सरगुजा संभाग के साहित्यकारों, कलाकारों एवं विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट प्रतिभाओं का जत्था आज विशेष ट्रेन से सोमनाथ के लिए रवाना होकर वापस अपने अपने घरों को लौटे। मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ एवं मंत्री राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस यात्रा का उद्देश्य सोमनाथ मंदिर के निर्माण के 1000 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय चेतना को सशक्त करना है। यात्रा का शुभारंभ रायपुर रेलवे स्टेशन से 22 जून को प्रातः 12 बजे हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस विशेष यात्रा में छत्तीसगढ़ की प्रमुख नदियों के जल को कलशों में एकत्र कर तथा प्रदेश के विभिन्न स्थलों से लाई गई पवित्र मिट्टी को साथ लेकर प्रस्थान किया गया था। सोमनाथ पहुंचने पर इन कलशों के जल एवं मिट्टी से विशेष पूजन एवं अभिषेक किया गया।

### आम सूचना

मैं उदेशिया पत्नी रामेश्वर आयु-40 वर्ष, जाति गोड़ निवासी ग्राम-नगर पो. नगर थाना चरचा तह. बैकुण्ठपुर जिला- कोरिया (छ.ग.) की निवासी होकर निम्न कथन शपथपूर्वक करती हू :-

01 यह कि मेरी पुत्री के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में नाम "कमलावती" है तथा आधार कार्ड में त्रुटिवश हिन्दी में "कमला" दर्ज हो गया है जो कि गलत है।

02 यह कि मेरी पुत्री का सही नाम हिन्दी में "कमलावती" है जो कि सही है। जिसे आधार कार्ड में सुधार किया जाना आवश्यक है।

03 यह कि मैं अपनी पुत्री का नाम सुधार किये जाने हेतु यह दे शपथ पत्र रही हूँ।

हस्ताक्षर शपथग्रहिता

**सत्यापन**

मै उदेशिया पत्नी रामेश्वर आयु-40 वर्ष, जाति- गोड़, यह सत्यापित करती हूं कि इस शपथ पत्र की कण्डिका क्र. 01 से 03 तक की सम्पूर्ण जानकारी सत्य एवं सही है।

हस्ताक्षर शपथग्रहिता

## पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने किया दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव का आगाज

# रामगढ़ महोत्सव बनेगा आने वाली पीढ़ियों को गौरवशाली विरासत से जोड़ने का माध्यम : राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- समापन में शामिल होंगे प्रदेश के मुख्यमंत्री

प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। रामगढ़ महोत्सव प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति, इतिहास, पुरातत्व, साहित्य और पर्यटन का अद्भुत संगम है, जो आने वाली पीढ़ियों को अपनी गौरवशाली विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

मंत्री श्री अग्रवाल सोमवार को रामगढ़ में आषाढ़ के प्रथम दिवस पर आयोजित दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने रामगढ़ महोत्सव के 50 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रामगढ़ केवल सरगुजा ही नहीं, बल्कि पूरे देश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण केंद्र है। राज्य सरकार इसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि रामगढ़ भारत की प्राचीन सांस्कृतिक चेतना का महत्वपूर्ण केंद्र है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने अपने वनवास काल का समय यहां व्यतीत किया था। उन्होंने कहा कि महाकवि कालिदास ने भी यहीं मेघदूतम् की रचना की थी। सीताबेंगरा, जोगीमारा, राम-जानकी मंदिर तथा हाथीपोल जैसे ऐतिहासिक स्थल विश्व पर्यटन के मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से रामगढ़ को विश्वस्तरीय पहचान दिलाई जाएगी। लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि रामगढ़ केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि ऐतिहासिक एवं साहित्यिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। यहां की सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटन की अपार संभावनाओं से परिपूर्ण है। उन्होंने इस धरोहर को वैश्विक स्तर पर प्रचारित एवं संरक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि रामगढ़ महोत्सव सरगुजा की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर नई पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में स्थानीय कलाकारों, लोक संस्कृति और पारंपरिक कला को विशेष स्थान दिया गया है, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रामगढ़ की ऐतिहासिक पहचान भविष्य में विश्वस्तर पर और अधिक सशक्त होगी तथा अधिकाधिक पर्यटक इस धरोहर से जुड़ेंगे। कार्यक्रम में जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष राम किशुन सिंह, पूर्व सांसद कमलभान सिंह मरावी, जिपं सदस्य श्रीमती राधा रवि एवं श्रीमती रायमुनिया कुरियम, जनपद पंचायत अध्यक्ष आलोक सिंह, उपाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, पार्षद आलोक दुबे, एल्डरमैन करता राम गुप्ता, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।



दीप प्रज्जलित कर महोत्सव का उद्घाटन करते पर्यटन मंत्री व अन्य।

### कराया जाएगा पुरातात्विक स्थलों का भ्रमण

मंत्री श्री अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव के दौरान आगंतुकों को विश्व की प्राचीनतम रंगशाला के रूप में प्रसिद्ध सीताबेंगरा गुफा, ऐतिहासिक जोगीमारा गुफा, रामगढ़ पर्वत श्रृंखला तथा अन्य महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। इतिहास एवं पुरातत्व विशेषज्ञ इन स्थलों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पुरातात्विक महत्व की विस्तृत जानकारी भी प्रदान करेंगे, जिससे नई पीढ़ी अपनी ऐतिहासिक विरासत को बेहतर ढंग से समझ सकेगी। उन्होंने कहा कि रामगढ़ महोत्सव क्षेत्रीय पर्यटन को नई दिशा देने के साथ-साथ सरगुजा की ऐतिहासिक धरोहर, प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध जनजातीय संस्कृति को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने का सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि महोत्सव के समापन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## रामगढ़ महोत्सव में रामलीला और जटायु मोक्ष प्रस्तुति ने बांधा समां

- नई दिल्ली के ख्याति प्राप्त कलाकारों ने दी रामलीला की प्रस्तुति





सरगुजा अंचल की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विरासत को समर्पित दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव-2026 के प्रथम दिवस में संस्कृति, साहित्य और लोककला का अद्भुत संगम देखने को मिला। महोत्सव में प्रस्तुत विविध सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

नई दिल्ली के ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भव्य रामलीला, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय उदयपुर की छात्राओं द्वारा जटायु मोक्ष की भावपूर्ण नृत्य-नाटिका तथा कवि सम्मेलन कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहे। नई दिल्ली से आए ख्याति प्राप्त कलाकारों ने भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का अत्यंत प्रभावशाली मंचन कर दर्शकों को त्रेतायुग की अनुभूति कराई। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, धर्म, सत्य, त्याग एवं कर्तव्यपरायणता को सशक्त अभिनय, प्रभावी संवाद, आकर्षक वेशभूषा, भव्य मंच सज्जा और मधुर संगीत के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति के दौरान पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और दर्शक कलाकारों के अभिनय से अभिभूत नजर आए। इसी क्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, उदयपुर की बालिकाओं ने 'जटायु मोक्ष' पर आधारित मनमोहक नृत्य-नाटिका प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। भगवान श्रीराम और जटायु के प्रसंग को बालिकाओं ने अत्यंत संवेदनशील एवं प्रभावशाली अभिनय तथा नृत्य के माध्यम से साकार किया। भावपूर्ण अभिव्यक्ति, उत्कृष्ट मंच संचालन, पारंपरिक वेशभूषा और सुमधुर संगीत के समन्वय ने प्रस्तुति को अत्यंत जीवंत बना दिया। बालिकाओं की इस प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों की आंखें नम कर दीं और पूरा सभागार देर तक तालियों की गूंज से गूंजता रहा। उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास ने सभी का मन मोह लिया। महोत्सव का एक अन्य प्रमुख आकर्षण कवि सम्मेलन रहा, जिसमें प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी ओज, वीर, श्रृंगार, हास्य-व्यंग्य एवं समसामयिक विषयों पर आधारित रचनाओं का प्रभावशाली पाठ किया। इसके अतिरिक्त लोकगीत, सरगुजिहा लोकनृत्य, करमा नृत्य, स्वागत गीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी महोत्सव को भव्यता प्रदान की। स्थानीय एवं क्षेत्रीय कलाकारों ने सरगुजा की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराओं का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए अपनी कला का उत्कृष्ट परिचय दिया।

## पिअकप ने मारी टक्कर फिर सिर पर चढ़ गया ट्रक का पहिया, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

- एनएच 43 पर बासेन के समीप हुई घटना, एक गंभीर रूप से घायल, क्षेत्र में शोक का माहौल

राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती रात भीषण सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार युवकों को पहले तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मारी जिससे तीनों युवक सड़क पर गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक दो युवकों के सिर को कुचलते हुए फरार हो गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। देर रात हुई इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। फिलहाल पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया है इसके साथ ही घायल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है।

बताया जा रहा है कि रविवार की रात 8.30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर बासेन में सीतापुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने बतौली की ओर जा रहे बाइक क्रमांक सीजी 15 डीडब्ल्यू 1719 सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी।

इस दौरान बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिर गए। इसी समय सीतापुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने दो युवकों कुचल दिया। ट्रक की चपेट में आकर दो युवकों का सिर कुचल गया जिससे उनकी मौके अपर ही मौत हो गई। इधर घटना के बाद पिकअप और ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गए। भीषण सड़क दुर्घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सड़क पर युवकों के खून से सने शव बिखरने के बाद एनएच 43 पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर एसडीओपी राजेन्द्र मंडावी व बतौली पुलिस टीम पहुंची और घायलों को डायल 112 से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जबकि शवों को उठाकर मर्च्युरी में रखने के साथ ही आवागमन बहाल कराया गया। इस घटना में मरने वालों की पहचान बतौली थाना अंतर्गत मानपुर निवासी 30 वर्षीय नान्हू आ.शिवबोध व 35 वर्षीय जयप्रकाश आ. सुखराम के रूप में की गई। दोनों ही युवको के सिर कुचल गए थे।

वहीं घायल युवक की पहचान मानपुर निवासी अकलसाय आ. धनसाय के रूप में की गई है। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया। इसके साथ ही मृतकों के शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।



### हेलमेट ने बचाई एक युवक की जान

इस खतरनाक सड़क हादसे में बाईक चला रहे अकलसाय की जान हेलमेट पहनने से बच गई जबकि पीछे बैठे दोनों युवकों के सिर ट्रक के पहिए से कुचल गए। जबकि इस हादसे में बचे युवक अकल साय डर से कांप रहा था जिसे डॉक्टरों ने रिफर कर दिया है।

### दशकर्म कार्यक्रम की सूचना देने निकले थे युवक

बताया जा रहा है कि मानपुर निवासी अकलसाय 25 वर्ष, नान्हू30 वर्ष, जयप्रकाश 35 वर्ष सभी जाति गोड अपने बड़े मां के देहांत पश्चात दशकर्म कार्यक्रम की सूचना देने रिश्तेदार के यहां रायगढ़ के कापु गए थे। तीनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के दो युवकों की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आषाढ़ के पहले ...

बैकुण्ठपुर और सोनहत जनपद क्षेत्र के कई इलाकों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग द्वारा भी बारिश की संभावना जताई गई थी। बारिश नहीं होने के कारण किसानों की नजरें लगातार आसमान पर टिकी हुई थीं। मानसून की गतिविधियां कमजोर पड़ने से खेती-किसानी का काम भी रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा था। अब यदि आने वाले दिनों में इसी तरह बारिश होती रही तो जिले में कृषि कार्य तेजी से शुरू हो जाएगा। बारिश के अभाव में लोग उमस भरी गर्मी से परेशान थे। आषाढ़ के पहले दिन हुई बारिश के बाद मौसम में ठंडक घुल गई और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

### विकसित भारत जीरामजी...

इन चार क्षेत्रों में होंगे प्रमुख कार्य- जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के तहत तालाब गहरीकरण, सोक पिट, चेक डैम निर्माण। आधारभूत संरचना विकास के तहत सड़क, पुलिया, आंगनबाड़ी एवं पंचायत भवन निर्माण। आजीविका संवर्धन के तहत पशुपालन, मत्स्य पालन एवं स्व-सहायता समूहों को बढ़ावा। आपदा प्रबंधन के तहत बाढ़-सूखा से बचाव हेतु संरचनाओं का निर्माण एवं आपातकालीन योजना तैयार करना।

### 18 वीं बटालियन ...

उसकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं और महिलाओं से अपील की कि वे अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ अथवा अन्य विशेष अवसरों पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि छोटे-छोटे प्रयास मिलकर भविष्य में हरित क्रांति का स्वरूप ले सकते हैं। कार्यक्रम में शाखा की सचिव तोशी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए संगीता अग्रवाल, सदस्य मीना बंसल, मंजू अग्रवाल, डिंपल अग्रवाल, कानुप्रिया अग्रवाल एवं प्रियंका अग्रवाल ने भी उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## सेवा की गुणवत्ता ही लायंस क्लब की असली पहचान: बरड़िया

- बाल कल्याण व वृद्धाश्रम परियोजना के लिए 1.11 लाख की घोषणा



**मनेन्द्रगढ़।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233-सी के रीजन-11 एवं ज़ोन-31 के अंतर्गत लायंस क्लब एवं लायंस क्लब प्राइड मनेंद्रगढ़ का संयुक्त शपथ ग्रहण एवं पदस्थापना समारोह बॉलीवुड थीम पर संपन्न हुआ। आकर्षक मंच सज्जा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं फिल्मी शैली में आयोजित कार्यक्रम ने सभी उपस्थित अतिथियों एवं सदस्यों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह के मुख्य अतिथि पीएमजेएफ 8 स्टार लायन तिलोकचंद बरड़िया ने कहा कि लायंस क्लब की वास्तविक पहचान सदस्यों की संख्या से नहीं, बल्कि उनकी सेवा भावना, अनुशासन, सक्रियता एवं समाज के प्रति समर्पण से होती है। उन्होंने क्लबों से गुणवत्तापूर्ण एवं सेवा-भाव से जुड़े सदस्यों को जोड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती सेवा कार्यों की गुणवत्ता से निर्धारित होती है। श्री बरड़िया ने क्लब की आगामी स्थायी परियोजना बाल कल्याण एवं वृद्धाश्रम उन्नयन के लिए 1 लाख 11 हजार रुपए के सहयोग की घोषणा की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता लायन मुमुन जैन ने समय प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सेवा कार्यों के साथ व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन में संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। समारोह के इंस्टॉलेशन ऑफिसर लायन जसपाल ने अपने प्रभावशाली संचालन एवं अभिनव प्रस्तुति से कार्यक्रम को अत्यंत आकर्षक एवं यादगार बना दिया। इस अवसर पर वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी का विधिवत शपथ ग्रहण एवं पदस्थापना सम्पन्न हुई। श्री बरड़िया ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को लायंस पिन पहनाकर सम्मानित किया तथा सेवा, नेतृत्व, मानवता और संगठन के प्रति पूर्ण समर्पण की शपथ दिलाई। समारोह में दोनों क्लबों के पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी, वरिष्ठ लायंस सदस्य, महिला सदस्य एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह जानकारी सेक्रेटरी लायन क्लब सेंट्रल रायपुर राहुल अग्रवाल ने दी।

### बाइक भिड़ंत में एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**अम्बिकापुर।** बछराज कुंवर धाम से लौट रहे बाइक सवार रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से टकरा गए। दोनों बाइक के बीच हुई आमने सामने भिड़ंत में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरी की हालत गंभीर बनी हुई है। बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम महवारी पारा निवासी महंत जगते आ. कतवारी (19 वर्ष) गत दिन गांव के ही राजनाथ के साथ बाइक से बच्छराज कुंवर धाम घूमने गए थे। शाम को दोनों वापस घर आ रहे थे तभी रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार महंत जगते और राजनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां महंत की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि घायल राजनाथ का इलाज चल रहा है।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह जून 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह जून 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 जुलाई 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
**हरिभूमि**
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर







